हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 11 जनवरी 2024
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 लाड़ली बहना योजना से छोटे खर्चे खुद चला रही हैं ...



07 सर्वोदय हायर सेकंडरी स्कूल ने किया ...



## खबर संक्षेप

### स्वरोजगार मेला का आयोजन 12 को

**विदिशा।** मुख्यालय पर स्व-रोजगार मेला का आयोजन शुक्रवार 12 जनवरी को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के सभागार कक्ष में किया गया है। जिसमें प्रधानमंत्री की मंशा के अनुसार कार्यक्रम में युवाओं के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाली कार्यक्रम व योजनाओं के माध्यम से लाभांवित किया जाएगा।

### स्वेटर वितरित किए



**विदिशा।** भारत भारती संस्कार जैन मंडल द्वारा तीनों दिव्यांग स्कूल सूरज निकेतन स्कूल, आकांक्षा स्कूल, उम्मीद स्कूल में ऊनी वस्त्र एवं स्वेटर का वितरण किया गया। मंडल प्रमुख नीता सराफ ने बताया पूर्व में अस्पताल में भी मंडल द्वारा ऊनी स्वेटर एवं मोजो का वितरण किया था। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष गीता रघुवंशी, अशोक जैन, सुमन सोनी, नीता सराफ, विद्युत जैन, सपना जैन, नम्रता सराफ, नीतू जैन, विभा जैन, नीतू सिंघई, निष्ठा जैन एवं अन्य सदस्य उपस्थिति रहीं।

### महाअभियान 15 जनवरी से 29 फ़रवरी तक चलेगा

**विदिशा।** राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इंद्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य प्रदेश में 15 जनवरी से 29 फरवरी तक राजस्व महा अभियान का संचालन किया जाएगा। महा-अभियान का प्रमुख उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक़्शे पर तरमीम, एमपी किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई केवायसी और खसरे की समग्र, आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 को होंगे कार्यक्रम

**विदिशा।** 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे देश में 25 जनवरी को राज्य, जिला और बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' रहेगी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के समारोह से संबंधित सभी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किए जाएंगे।

### व्याख्यान आज

**विदिशा।** विशेष व्याख्यान युवा संवाद विभाग द्वारा आज गुरुवार को ऑडिटोरियम में व्याख्यान का आयोजन किया गया है। शाम 4 बजे 'राम मंदिर से राष्ट्र मंदिर' विषय पर प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर पचौरी का व्याख्यान होगा।



ढोलखेड़ी और सागर रोड को आपस में जोड़ने वाला जीवाजीपुर बेतवा का पुल

**आसान हुआ सफर: भारी वाहनों को विदिशा शहर के बीच से नहीं गुजरना पड़ेगा**

# दो साल बिलंव से तैयार हुआ बेतवा पुल, नौ करोड़ का पुल, एक हफ्ते में हो जाएगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लोड टेस्टिंग होते ही बेतवा नदी पर ढोलखेड़ी, जीवाजीपुर एवं धतूरिया से सागर रोड को जोड़ने वाला पुल शुरू हो जाएगा। बेतवा के इस पुल का निर्माण पूर्ण हो चुका है। हालांकि इस पुल का निर्माण 3 नबंवर 2021 में पूर्ण होना था, लेकिन दो साल देरी से पुल बनकर तैयार हो सका। इस पुल का निर्माण गुना की राजलक्ष्मी विल्डकॉन कंपनी द्वारा कराया गया है। लेटलतीफी के कारण ठेकेदार पर 10 से 15 लाख रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।

करीब 9 करोड़ 3 लाख रुपए की लागत से इस पुल का निर्माण कराया गया है। एक हफ्ते में पुल से आवागमन शुरू होने की उम्मीद है। करीब 25 करोड़ रुपए की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा रिंगरोड का निर्माण पहले ही किया जा चुका है। अब पुल का निर्माण पूरा होने से आवागमन शुरू हो जाएगा।

इस पुल के शुरू होने से रेलवे स्टेशन सौराई रैक पाइंट के माल गोदाम से विदिशा, शमशाबाद, लटेरी, कुरवाई सिरोंज एवं विदिशा तहसील के अधिकांश गांवों की दूरी 20 से 25 किमी कम हो जाएगी। वहीं ईदगाह चौराह से रामलीला चौराह होकर बैस नदी तक ट्रॉफ़िक का दबाव कम हो जाएगा। ढोलखेड़ी चौराह से करीब 9 किलोमीटर लंबा रिंगरोड पहले ही बनकर तैयार हो गया था। ग्राम धतुरिया तक सागर नेशनल हाइवे पर जुड़ने वाले इस रिंगरोड के बनने से विदिशा के करीब 12 गांव सीधे हाइवे से जुड़ गए हैं। इन गांवों के लोगों को शहरी क्षेत्र में घुसे बिना सागर रोड और ढोलखेड़ी चौराह पर आने जाने में सहुलियत मिलेगी। इस रिंग रोड से तीन हाइवे भी जुड़ गए हैं। इसमें दो नेशनल हाइवे और एक स्टेट हाइवे शामिल है। रिंग रोड का पहले से ही लोग उपयोग कर रहे थे।



**विदिशा।** ढोलखेड़ी और सागर रोड़ को आपस में जोड़ने वाले धतूरिया और जीवाजीपुर के बीच बेतवा पर पुल बनकर तैयार हो गया है। सिर्फ लोड टेस्ट करना शेष रह गया है।

### इन गांव के लोगों को फायदा

पुल बनने से ढोलखेड़ी चौराह से स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के पीछे से होता हुआ रिंग रोड जीवाजीपुर गांव के सामने से बेतवा नदी पार सौराई से ओलम्पस स्कूल ग्राम धतुरिया तक जुड़ जाएगा। इससे पलोह, ढोलखेड़ी, जंबार, बागरी, इमलिया, लश्करपुर, पलोह, जीवाजीपुर, सौराई, मूड़रा हरिसिंह व आसपास के गांव के लोगों को अशोकनगर स्टेट हाइवे और सागर नेशनल हाइवे तक पहुंचने में चार से पांच किलोमीटर दूरी ही तय करनी पड़ेगी। इससे पहले विदिशा शहर से जाने में 10 किमी से ज्यादा का चक्कर है।

### तीन हाइवे जुड़ें, सफर आसान

रिंगरोड तीन हाइवे को जोड़ रहा है। बैरसिया से शुरू हो रहा कुरवाई चंदेरी तक जाने वाला नेशनल हाइवे 346 ढोलखेड़ी चौराहा रिंगरोड से जुड़ जाएगा, इसी तरह अशोक नगर स्टेट हाइवे जो विदिश शहरी क्षेत्र से ढोलखेड़ी चौराह तक है वह भी रिंगरोड से जुड़ गया है। ये दोनों हाइवे सागर नेशनल हाइवे 186 से जुड़ रहे हैं। तीनों हाइवे के एक दूसरे से जुड़ने से सफर आसान होगा तो वहीं विदिशा शहरी क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा। विदिशा बायपास से भारी वाहनों की आवाजाही में 30 फीसद तक कमी आएगी।

### 25 किलोमीटर तक दूरी बचेगी

सागर की ओर से विदिशा बायपास होते हुए रामलीला और ढोलखेड़ी चौराह से अशोकनगर तरफ जाने वाले और अशोकनगर तरफ से सागर की ओर जाने वाले वाहनों को इस रिंग रोड के बनने से सबसे बड़ा फायदा होने जा रहा है। यहां से गुजरने वाले इन वाहनों को करीब 25 किमी का चक्कर बचेगा। अभी सागर तरफ से अशोकनगर, मुंगावली तरफ जाने वाले वाहनों को अब बायपास से रंगई, ईदगाह चौराहा, रामलीला और ढोलखेड़ी होते हुए जाना पड़ता था। ये दूरी करीब 25 से 30 किलोमीटर की है, लेकिन रिंग रोड बनने ये वाहन धतुरिया से ही मुड़ जाएंगे और ढोलखेड़ी चौराहा पहुंच जाएंगे। इससे भारी वाहनों को करीब 25 किलोमीटर की दूरी बच जाएगी। डीजल और समय तो बचेगा ही विदिशा में दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

### टेस्टिंग के बाद पुल से आवागमन शुरू करेंगे

अभी पुल की टेस्टिंग होना शेष है। टेस्टिंग होने के बाद पुल से आवागमन शुरू करा देंगे। तय समय सीमा से दो साल बिलंव से पुल बनकर तैयार हुआ है। शासन ने ठेकेदार पर जुर्माना भी लगाया। 9 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण कराया गया है। जिससे करीब 10 से 12 गांव के लोग हाईवे से जुड़ जाएंगे। - **जावेद शकील,** ईई सेतू निगम मप्र शासन

# पीएम मोदी ने गरीबों के जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य किया: टंडन



**विदिशा।** कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को लाभान्वित करते जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विकसित भारत संकल्प यात्रा तहत बुधवार को बरईपुरा चौराह पर कार्यक्रम हुआ।

विधायक मुकेश टंडन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य किया है। जो गरीब और पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब का घर ठीक तरह से चल सके इसके लिए ही इतनी सारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जब परिवार आत्मनिर्भर बनेगा तभी तो देश आत्मनिर्भर बनेगा। श्री टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गारंटी वाली यात्रा भेजी है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीबों को पक्के घर देने का काम किया है। नपाध्यक्ष प्रीति शर्मा ने कहा कि शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है उनका लाभ अवश्य उठाएं। कार्यक्रम को कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर शर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान नपाध्यक्ष प्रीति शर्मा, कलेक्टर उमाशंकर भार्गव, सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा भी मौजूद रहे।

# सर्द हवाओं ने बढ़ाई परेशानी न्यूनतम तापमान 13 डिग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

साल की शुरुआत से ही मौसम का मिजाज बिगड़ रहा है। शहर में सुबह से कोहरा और शीत लहर चलने से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। बादल छाने से धूप नही निकल रही थी। जिसके चलते जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। इस भीषण ठंड से बचने के लिए लोग दिन में भी अलाव का सहारा ले रहे हैं।

कड़ाके की इस ठंड में लोग गर्म कपड़े पहनकर घर से निकल रहे हैं। कोहरा और सर्द हवाओं से दिन का तापमान लुढ़क गया है। जिसके चलते तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मंगलवार को सुबह कोहरा छाने के बाद मौसम साफ हो गया था और धूप निकलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली पर शाम 4 बजे के बाद से बर्फीली हवा चलने से मौसम में ठंडक हो गई और शाम से बाद से कोहरा छाने लगा था और रात में ओस गिर रही थी। बुधवार को अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# 2 लाख 85 हजार 597 लाड़ली बहनाओं के खातों में राशि जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- खातों में राशि आते ही बहनाओं के चहरे पर आई मुस्कान।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बुधवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में लाड़ली बहना योजना अंतर्गत बहनों के बैंक खातों में 1576 करोड़ की राशि डाली। कार्यक्रम का सीधा विदिशा में भी देखा गया। बरईपुरा चौराहे पर स्तरीय कार्यक्रम को विदिशा विधायक मुकेश टंडन, विदिशा नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत विदिशा जिले की दो लाख 85 हजार 597 महिला हितग्राहियों के खातों में 1250-1250 की राशि हरेक हितग्राही के खाते में जमा हुई है। कार्यक्रम स्थल पर कलेक्टर उमाशंकर भार्गव, सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### रेलवे कर्मचारियों ने एनपीएस स्कीम रद्द करने की मांग की

**विदिशा।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर बुधवार को रेलवे कर्मचारियों ने भूख हड़ताल की। रेलवे के सभी डिपो, मंडल रेल कार्यालय और मुख्यालयों पर कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल हुए। भदभदा रेलवे स्टेशन से लेकर बरेठ रेलवे स्टेशन के बीच में करीब 800 कर्मचारी काम करते है। सब इस प्रदर्शन में शामिल हुए। कर्मचारियों ने कहा की यदि सांसद और विधायक पेंशन ले रहे हैं तो हमारा भी अधिकार बनता है कि हमको पेंशन दी जाए। नई पेंशन स्कीम में पर्याप्त पेंशन नहीं मिलेगी। जिस वजह से खुद का और परिवार का भरण पोषण कैसे करेगा।

# कलेक्टर ने की अपील: मतदाता सूची में अपना नाम जरूर जुड़वाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने विदिशा जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि जिन नागरिकों के मतदाता सूची में नाम नहीं जुड़े हैं वह मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं।

कलेक्टर ने जिले के युवाओं से अपील है कि 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं। वह सभी 22 जनवरी तक ऑनलाइन या ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन कर मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से नाम जुड़वा लें। कोई भी नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित ना रहे। इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रक्रिया चालू हैं। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं वे संबंधित बीएलओ से मिलकर सूची में नााम जुड़वाएं।

### मदनलाल शर्मा उद्यान में पौधारोपण आज होगा

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** बेतवा समिति के स्थापना दिवस पर गुरुवार को बड़वाले घाट पर सुबह 7 बजे से 8:30 तक श्रमदान कर बेतवा बाबा मदनलाल शर्मा उद्यान में पौधारोपण किया जाएगा। वहीं बेतवा उत्थान समिति की वार्षिक आमसभा एवं स्थापना दिवस का आयोजन 12 जनवरी शुक्रवार को दोपहर 2:30 बजे स्थानीय जालोरी गार्डन में होगी। जिसमें विधायक मुकेश टंडन विधायक, जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, कलेक्टर उमाशंकर भार्गव, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के आतिथ्य में बुंदेलखंड के वाटरमेन संजय सिंह कार्यक्रम के मुख्य वक्ता को मणीवेन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# खेल मैदान में भी विदिशा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र परचम लहरा रहे हैं: शिक्षाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2023- 24 के तहत नौ दिवसीय खेलों के आयोजन का समापन हो गया है। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बहुत ही उत्साहवर्धक तरीके से पूरे जोश के साथ स्कूल में संपन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। समापन पर जिला शिक्षाधिकारी जीपी राठी ने विद्यालय में बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

उन्होंने कहा कि पढ़ाई में ही नहीं खेल के मैदान में भी विदिशा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं अपना परचम लहरा रहे हैं। नौ दिवसीय प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। जिसमें प्रदेश के खिलाड़ी एकलव्य पुरस्कार एवं विक्रम पुरस्कार विजेता रहे अतुल जाट, प्रशांत रघुवंशी, भूपेंद्र शर्मा, संदीप सिंह डोंगर, कपिल बलेचा, डॉक्टर आनंद जैन, शांतनु खत्री, करनल हरी कृष्णा राणा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। चारों हाउस के बच्चों ने बड़ी ही खेल भावना से बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस वर्ष का विजेता ब्लू हाउस रहा। कप्तान ने पूरे ग्राउंड पर अपने हाउस के विजेता बनने पर दौड़ लगाकर अपनी प्रसन्नता को प्रकट किया।।



**जैन कॉलेज ग्राउंड पर चल रही प्रतियोगिता में बुधवार को चार मैच हुए**

# एसपीसीएल 2024 टूर्नामेंट: बाड़ी की हम एकता 11 की टीम ने भोपाल को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जैन कॉलेज ग्राउंड पर चल रही प्रतियोगिता में बुधवार को 4 मैच खेले गए। दिन का पहला मैच मॉर्निंग 11 विदिशा बनाम कपिल 11 सागर के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने आई मॉर्निंग 11 विदिशा ने 8 ओवरों में 90 रन का लक्ष्य दिया जवाब में उतरी कपिल 11 सागर ने रोमांचक मैच में आखिरी गेंद पर विजय हासिल करी।

दिन का दूसरा मैच हम एकता 11 बाड़ी बनाम आईसीसी भोपाल के मध्य खेला गया। जिसमें हम एकता ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने आई आईसीसी भोपाल ने 7 ओवर में 50 रन ही बना सकी। जवाब में उतरी हम एकता 11 ने एक तरफा 2.2 ओवरों में ही यह 10 विकेट से यह मैच जीत लिया। दिन का तीसरा मैच कपिल 11 सागर बनाम हम एकता बाड़ी के मध्य खेला गया। हम एकता टीम ने टॉस जीतकर 7 ओवरों में 149 रन 3 विकेट के नुकसान पर बना लिए। जवाब में उतरी कपिल 11 सागर की टीम 67 रन ही बना सकी और मैच गवा दिया। दिन का चौथा मैच और टूर्नामेंट का पहला क्वार्टर फाइनल मैच हम एकता विधान आबिद बनाम तनिष्क 11 भोपाल के मध्य खेला गया। जिसमें हम एकता ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गणेश 11 भोपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 89 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए हम एकता विधान आबिद ने 6.2 ओवरों में यह लक्ष्य प्राप्त कर लिया और मैच जीता। मैच में मैन ऑफ द मैच निक्की, अनु, आकाश और आनंद को दिए गए। मैच में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने आए अतिथि के रूप में जैन कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर शोभा जैन, जिपं सदस्य धनराज सिंह दांगी, समाजसेवी सुजीत देवरिय, एसके उपाध्याय, शिवेंद्र शर्मा, अनिल यादव, पंकज भार्गव, कपिल बलेचा, फराज सैयद पठान, शादाब खान, भुप्पी सरदार आदि लोग मौजूद रहे।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2620
उच्चतम भाव-3975
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3195
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2351
उच्चतम भाव-2538
चना
न्यूनतम भाव-4840
उच्चतम भाव-5381
मसूर
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-6000
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-47055
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5010
सरसों
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-5600
उड़द
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7260
धान
न्यूनतम भाव-1750
उच्चतम भाव-4241
ज्वार
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-7499
बटरी
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4800
अलसी
न्यूनतम भाव-4650
उच्चतम भाव-4650
तुअर
न्यूनतम भाव-6450
उच्चतम भाव-6800
तिल्ली
न्यूनतम भाव-8000
उच्चतम भाव-12050
मूंग
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-4400
मक्का
न्यूनतम भाव-1905
उच्चतम भाव-2000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 20204 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## कांग्रेस ने भ्रम फैलाया था की लाड़ली योजना बंद हो जाएगी

# लाड़ली बहना योजना से छोटे खर्चे खुद चला रही हैं महिलाएं : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पहले जब महिलाओं को किसी काम के लिए पैसों की जरूरत होती थी तो वह अपने आस पड़ोस में जाकर उधार ले लेती थीं। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चालू की गई लाड़ली बहना योजना के माध्यम से अब महिलाओं को हर माह 1250 रुपए की राशि मिलने लगी है। अब उन्हें किसी से मांगने की जरूरत नहीं पड़ती वे अपने छोटे मोटे खर्चे स्वयं चला रही हैं।

उक्त बात बुधवार को नगर पालिका में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में कहीं। नपा परिषद में 10 जनवरी को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के मुखिया मोहन यादव ने लाड़ली बहनाओं के खाते में 1250 रुपए की राशि डाली। इस कार्यक्रम







का प्रसारण सभी लाड़ली बहनों ने नपा में बड़ी स्क्रीन पर देखा। अपने उद्बोधन में विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार के मुखिया मोहन यादव के नेतृत्व में बहनों को धीरे-धीरे लखपति बहना बनाने की ओर अग्रसर रहेगी। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि हमारे लाड़ले विधायक हरिसिंह रघुवंशी को नगर और खास करके लाड़ली बहिनों की विशेष चिंता है। हम उनसे हमेशा सहयोग की अपेक्षा रखते हैं और वह निरंतर सभी का सहयोग और नगर के विकास में अग्रसर रहेंगे। कार्यक्रम में लाडली बहनों का आभार मानते हुए विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि आपने प्रदेश में बहुमत के साथ कमल खिलाया है। इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं और यह विश्वास जताता हूं कि किसी भी काम के लिए आपको कोई भी परेशानी नहीं आएगी। केंद्र में नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव यानी डबल इंजन की सरकार जनता के हर सुख दुख में उनकी सहभागी बनेगी। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने भ्रम फैलाया था कि योजना बंद हो जाएगी, लेकिन भाजपा की कोई भी योजना बंद नहीं निरंतर चालू रहेगी क्योंकि भाजपा की कथनी और करनी एक ही है। नगरपालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्षद जितेंद्र संतोषी मीणा, नीलू चौबे, मनोज अहिरवार, रिचा संजय भावसार, ज्योति पिंकू शर्मा, पूर्व पार्षद योगेंद्र समैया पप्पू भैया, सरिता जैन, सरिता रघुवंशी के अलावा बड़ी संख्या में लाड़ली बहिनें और नपा अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

## पुण्यतिथि के अवसर पर गर्म कपड़ों का वितरण किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पंजाबी महिला विकास समिति अध्यक्ष स्वदेश छाबड़ा द्वारा उनकी माताजी राजरानी की पुण्यतिथि के अवसर पर असहाय महिलाओं को गर्म वस्त्र व शाल प्रदान कर स्वल्पाहार कराया गया। सुबह के समय नागरिक सेवा समिति कार्यालय पर वृद्ध व निःशक्तजनों को भोजन वितरित किया गया। उसके बाद उन्होंने समिति के तत्वाधान में सभी सदस्यों के साथ मिलकर उनके निज निवास चंद्रशेखर आजाद कॉलोनी पर आयोजन किया। इस अवसर पर समिति की सचिव अनिता अरोरा, एकता अरोरा, रेखा अरोरा, मंजू अरोरा, चंचल अरोरा, संध्या अरोरा, कृष्णा राजपूत,रीमा राजपूत, अदिति अरोरा, नवनीत छाबड़ा, नरिंदर छाबड़ा, स्नेहा खत्री, मीनू अरोरा, सुदेश अरोरा, राज अरोरा आदि की उपस्थिति रही। सभी ने उनके सद्कर्मों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विधायक ने जनपद सीईओ को फोन लगाकर कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुलाबगंज से महागौर को जोड़ने वाली कच्ची सड़क और बेहलोट में 10-10 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत हुए नाला निर्माण के हाल-चाल जानने के लिए जनता की मांग पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने तुरंत जनपद सीईओ भगवान सिंह राजपूत को फोन पर तलब किया। उन्होंने इस दिशा में शीघ्र कदम उठाए जाने के निर्देश भी दिए। विधायक हरिसिंह रघुवंशी पलोड़ पेट्रोल पंप पुलिया पर हो रहे सीसी करण का निरीक्षण करने नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के साथ पहुंचे थे। तभी उक्त बातें उनके संज्ञान में आने पर उन्होंने तुरंत निराकरण की ओर कदम उठाए। ज्ञात हो की पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजलि मनोज यादव द्वारा अपने कार्यकाल में बहलोट की जल निकासी समस्या को देखते हुए जनपद निधि से 10-10 लाख की लागत से नाला निर्माण की स्वीकृति दी थी। लेकिन सरपंच सचिव और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते अभी यह काम पूरा नहीं हो पाया है। इसी तरह गुलाबगंज रोड से महागौर की ओर जाने वाली कच्ची सड़क अपनी बदहाली की कहानी कह रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी से अनुरोध किया कि इस जगह पर अगर ग्रेवल रोड डाल दिया जाता है, तो आवागमन में ग्रामीण और अन्य वाहन चालकों को काफी सुविधा होगी। जनता की सुविधाओं से संबंधित दोनों ही बातों- कामो को विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने गंभीरता से लेते हुए जनपद सीईओ को निर्देशित किया और स्वयं कलेक्टर से बात कर यह दोनों ही काम प्रमुखता से शीघ्र निपटवाने की बात कही। पलोड़ पुलिया से पुराने हीरो होंडा शोरूम की ओर जाने वाले मार्ग पर अधूरी पड़ी सीसी करण के निर्माण का भी विधायक हरि सिंह रघुवंशी और नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने निरीक्षण किया। साथ ही पुलिया से आयशर शोरूम की ओर जोड़े गए मार्ग मार्ग को भी उन्होंने उचित बताया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव ने उन्हें बताया कि पाराशरी का चौड़ीकरण और सौंदर्यकरण भी आगामी समय में चालू करवाया जाएगा। नपा द्वारा उठाए जाने वाला यह कदम भी अपने आप में अनुकरणीय उदाहरण होगा। विधायक रघुवंशी ने इस कार्य के लिए प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही नगर विकास में हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया।

उधर जनपद कार्यों के संबंध में जनपद सीईओ भगवान सिंह राजपूत का कहना है कि मैं खुद मौके पर जाकर धरातल की स्थिति का जायजा लूंगा जनहित कामों को शीघ्र पूरा कराए जाने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

## डॉ. वेदांती महाराज ने गमोलीखेड़ी में आदिवासियों को कंबल वितरित किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

काशीपीठाधीश्वर डॉ. रामकमल दास वेदांती महाराज ने क्षेत्र के ग्राम गमोलीखेड़ा पहुंचकर आदिवासी परिवारों की महिलाओं को कड़कड़ाती ठंड से बचाव के लिए कंबलों का वितरण किया। साथ ही प्रतिदिन की दिनचर्चा के लिए अन्य सामग्री भी वितरित की एवं छोटे बच्चों को फल और बिस्कुट वितरित किए। डॉक्टर रामकमलदास वेदांती ने आदिवासी भाइयों व बहनों से उनका हाल चाल जाना एवं छोटे छोटे बच्चों से भी खूब दुलार किया। इससे पूर्व डॉक्टर वेदांती क्षेत्र के प्राचीन मंदिर ग्राम गमाखर पहुंचे। जहां स्वामी वेदांती ने भोलेनाथ के दर्शन व जलाभिषेक कर क्षेत्र में सुख समृद्धि के लिए महादेव से प्रार्थना की। इस अवसर पर वेदांती महाराज के साथ सौरभ सुहाने सहित वेदांत आश्रम के अनेक भक्तगण व छात्रगण उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने शबनम का किया स्वागत

**त्योंदा।** बुधवार को कस्बा बागरोद में मुस्लिम रामभक्त शबनम शेख का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि मुंबई से पैदल चलकर अयोध्या धाम श्रीराम मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन करने शबनम शेख जा रहीं हैं। जिनका बागरोद चौराहे पर उपस्थितजनों ने श्री राम के नारे लगाते हुए भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।



## स्कूली बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को नगर के एक प्रायवेट स्कूल में हम सब की सांझी खुशियां नामक एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल डायरेक्टर ने बताया कि जैसा कि सभी को ज्ञात है कि हमारे प्रदेश में भारी ठंड का कहर जारी है और विद्यालय में कई अभिभावक ऐसे हैं जिनकी आर्थिक स्तिथि कमजोर होने के कारण वे ठंड से बचाव हेतु अपने बच्चों को स्वेटर टोपे आदि नही दिलवा पा रहे थे। जिसके चलते बच्चों के लिए स्कूल आना बहुत मुश्किल हो रहा था, कई बच्चे ऐसे हैं जिनके पास घर के लिए भी पर्याप्त ऊनी वस्त्र उपलब्ध नहीं थे, ऐसे में विद्यालय परिवार ने ये विचार किया कि ये हमारा कर्तव्य बनता है कि हम इन नन्हे बच्चों के लिए कुछ करें।

अशोक जैन ने अपनी ओर से कुछ बच्चों के लिए स्वेटर्स उपलब्ध करवाए। सुयश राय ने अपना जन्मदिन विद्यालय के बच्चों के बीच मनाने का और अपनी ओर से बच्चों को स्वेटर्स एवं टोपे प्रदान करने का विचार हमारे समक्ष रखा, इसी के अंतगर्त अभावग्रस्त परिवारों के बच्चों को ठंड से बचाव हेतु स्वेटर्स एवं जैकेट प्रदान की गई, विद्यालय द्वारा सुयश से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करवाया गया तद्पश्चात सुयश ने बच्चों के बीच केक काटा और सबका मुंह मीठा करवाकर बच्चों को स्वेटर एवं टोपे वितरित किये। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों ने इस बात को विशेष रूप से रेखांकित किया कि वासुदेव विद्यालय समय समय पर न केवल शिक्षा हेतु अपितु बच्चों की दैनिक जीवन के प्रत्येक आभार को भरने का कार्य भरसक प्रयत्न कर रहा है, इसके साथ ही सुयश और उनकी युवा टीम समीर एवं अनिकेत को भी इस छोटी उम्र में ही समाजसेवा के क्षेत्र में अच्छे कार्य करने हेतु साधुवाद देते हुए कहा कि खुशियां तो वास्तव में सांझी ही होती हैं।



इसी प्रकार यदि हम इन खुशियों को दूसरों के साथ बांट कर मनाए तो समाज में बदलाव की लहर अवश्य आएगी, इस अवसर पर रीतिका अरोरा, विजय अरोरा, सतीश अरोरा, राजेश नेमा, अशोक अग्रवाल, दिलीप देसाई, महेंद्र सूर्यवंशी, समीर खान, अनिकेत डेरिया, पूजा लोधी सहित समस्त स्टॉफ एवं विद्यालय के नन्हे बच्चे उपस्थित थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी चल रहा परिवार संपर्क

**गंज बासौदा।** विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में कार्यकर्ता शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रत्येक हिन्दू परिवार में जाकर अयोध्या के पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र और आग्रह पत्र सौंपकर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनबरी को हर घर में राम दीवाली मनाने का आग्रह कर रहे हैं। इस दिन घर घर में रंगोली बने, घर पर भगवा ध्वज लगे तथा रात्रि में दीपमालिका हो पड़ोस के किसी भी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था ग्रामवासी करें। कार्यकर्ताओं ने ग्रामों में भी घर घर संपर्क किया गया, जो कि आगामी 15 जनवरी तक जारी रहेगा।



## खबर संक्षेप

### गुल हुई बिजली

**गंजबासौदा।** बुधवार को रात्रि के समय लगभग एक घंटे के लिए नगर में बिजली प्रदाय बंद रहा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बगैर सूचना के अघोषित रुप से बिजली की कटौती करने से नगरवासियों को सर्दी के मौसम में देर तक अंधेरे में परेशान होना पड़ा। नागरिकों ने विद्युत कंपनी से अघोषित विद्युत कटौती बंद करने की मांग की है।

### बैठक आज

**गंजबासौदा।** आगामी 17 जनवरी को प्रभु जगन्नाथ को लेकर आ रही पदयात्रा के स्वागत के संबंध में सर्वसमाज की एक बैठक का आयोजन 11 जनवरी को दोपहर 1 बजे स्थानीय नौलखी मंदिर स्टेशन रोड पर किया गया है। जिसमें नगरवासियों से शामिल होने की अपील की गई है।

## वेदांत आश्रम में चल रही कथा का दसवां दिन...

# वेदांती महाराज ने कथा में श्रीराम और उनके भाईयों के चरित्र का वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भक्ति वेदांत आश्रम में समायोजित विराट शतचंडी महायज्ञ व सरस संगीतमय श्रीराम कथा के दशम दिवस में जगतगुरु अनंतानंद द्वाराचार्य स्वामी डॉ. रामकमल दास वेदांती महाराज ने रामचरितमानस में वर्णित भगवान राम लक्ष्मण भरत एवं शत्रुघ्न के उन आदर्श चरित्रों का विवेचन किया, जो आज भी प्रत्येक मनुष्य के लिए अपने जीवन में अनुसरणीय है। गुरु वशिष्ट ने उनके नामकरण करते हुए ही राजा दशरथ को बता दिया था कि ये आपके चारों पुत्र अपने श्रेष्ठ चरित्रों के द्वारा त्रिभुवन में आपका नाम रौशन करेंगे। महर्षि वशिष्ठ ने बताया कि जो अपने दिव्य आचरण व व्यवहार से सभी के मन को अपनी ओर आकृष्ट कर लेंगे उनका नाम राम ,तथा विश्व के भरण पोषण करने की जो क्षमता रखते हैं उनका का नाम भरत, जिसका मन एकाग्रचित से अपने लक्ष्य पर लगा रहे उनका नाम लक्ष्मण और जो अपने जीवन में बुराई रूपी शत्रुओं का वध कर दे उसका नाम शत्रुघ्न रखा। चारों







भाइयों का परस्पर प्रेम दुनिया में विख्यात था। श्री लक्ष्मण ने अपने बड़े भाई राम के प्रेम में राज पाठ वैभव का त्याग कर उनके साथ वन गमन कर वन वन भटके।

दूसरी ओर भरत ने अयोध्या जैसे समृद्धशाली राज्य को भाई-भाई के प्रेम में बाधक नहीं बनने दिया और उसे त्याग दिया। शत्रुघ्न ने भी अपने बड़े भाई भरत के सदैव अनुगामी रहे। परिवार में भाइयों का प्रेम आजीवन रहना चाहिए क्योंकि संकट में भाई ही काम आता है। चारों भाइयों ने गुरु के आश्रम में जाकर शास्त्र की शिक्षा ली और उसे आचरण में उतारा। शिक्षा हमारे जीवन में वह प्रकाश देता है जिससे हम सही मार्ग पर चल सके ।मां बाप को चाहिए कि वह अपने बच्चों को बचपन से ही प्यार दुलार देने के साथ-साथ अच्छा अनुशासन भी सिखाए। बचपन से ही बच्चों को स्कूल भेजने के साथ-साथ उन्हें सत्संग में भी ले जाए तथा समय निकालकर समय-समय पर अपने बच्चों को राजा दशरथ और कौशल्या की तरह रामायण और गीता का भी उन्हें उपदेश दे। वे माता-पिता जो अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार नहीं देते वह दुश्मन माने गए हैं। सत्संग करने वाले और मंदिर जाने वाले बच्चे कभी नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करते। मादक पदार्थों का सेवन करने वाले नव युवकों में ना तो बड़ों के प्रति सम्मान की भावना और ना ही जिम्मेवारी की भावना रह जाती है।

ऐसे नवयुवक ना तो परिवार को ही संभाल पाते हैं और ना हीं अपने देश की तरक्की में कोई योगदान दे सकते हैं। श्री राम लक्ष्मण भरत एवं शत्रुघ्न ने अपने गुरुओं में श्रद्धा भाव रखते हुए अपने संपूर्ण जीवन में माता-पिता के बताए हुए संस्कारों को सार्थक बनाया है। किसी भी राष्ट्र की सभ्यता व संस्कृति को युवा पीढ़ी ही संभालती है। राजा दशरथ के चारों पुत्र चार आदर्श के प्रतीक थे- शांति के संस्थापक प्रभु श्री राम, कांति के उन्मूलक प्रभु भरत, क्रांति के संचालक प्रभु लक्ष्मण और शत्रुघ्न भ्रांति के निवारक थे। प्रत्येक मां-बाप को चाहिए कि वह अपने बच्चों को केवल पारिवारिक स्वार्थ में ही ना लगाएं अपितु समय आने पर जैसे राजा दशरथ ने महर्षि विश्वामित्र को राष्ट्र रक्षा के लिए अपने पुत्रों को सौंप दिया था। उसी तरह आज के मां-बाप को भी स्वार्थ त्याग कर अपने बच्चों में देश के प्रति बलिदान की भावना भी सिखानी चाहिए। श्रीराम कथा सुनने नगर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## एलबीएस कॉलेज में विश्व हिन्दी दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मणिमोहन मेहता और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. विजय शाक्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा एवं वंदना से हुई। तत्पश्चाप अंजलि अहिरवार, छाया प्रजापति और कुमकुम मालवीय, आरती शर्मा, अंजू अहिरवार ने देश प्रेम के गीत की प्रस्तुति दी। साथ ही रचना परिहार ने अपनी मौलिक रचना का पाठ किया।



कार्यक्रम की खास बात यह है कि प्रो. मणिमोहन मेहता जो कि एक अच्छे कवि और अनुवादक हैं। उन्होंने कस्बे का कवि, एक सीढ़ी आकाश के लिए और भेड़ियों ने कहा शुभ रात्रि आदि काव्य संग्रहों से चुनिंदा कविताओं का पाठ किया। जिससे बच्चे मोटिवेट हुए। एलबीएस महाविद्यालय के प्रो. एस एन सोनी ने मां के आंचल से नामक शीर्षक कविता का पाठ किया। कार्यक्रम में प्राचार्य आर के द्विवेदी, उप प्राचार्य डॉ पीयूष दुबे, डॉ. एमके सक्सेना, प्रो नम्रता अरोरा, प्रो भास्कर दुबे एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। छात्र अजय तिवारी और मुस्कान कुर्मी ने कार्यक्रम का संचालन किया।



### कक्षा-10वीं, 12वीं में प्रवेश के लिए सरल प्रक्रिया, छात्र-छात्राएं अपने सपनों को करें पूराः राजश्री सिंह

# सर्वोदय हायर सेकंडरी स्कूल ने किया एनआईओएस के सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सर्वोदय हायर सेकंडरी स्कूल में मानव संसाधन विभाग नई दिल्ली भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एनआईओएस के माध्यम से कक्षा 10वी एंव 12वी में प्रवेश लेने के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल प्राचार्य राजश्री सिंह द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित एनआईओएस का पाठयक्रम उन छात्रो के लिए विषेष लाभदायक है। जो छात्र षिक्षा से दूर चले गए है और जिन छात्रो को इस क्षेत्र में आने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती हैं। लेकिन यह कोर्स गरीब छात्र-छात्राए जो अपना जीवन चलाने के लिए व्यवसाय कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहें है या जिन छात्रों ने कक्षा 10वी व 12वी के अध्ययन करने के लिए समय का



अभाव है जो छात्र प्रतिदिन स्कूल नही जा सकते। वह छात्र एसआईओएस के माध्यम से कक्षा 10वी एंव 12वी उत्तीर्ण कर उच्च अध्ययन कर सकते है और शासकीय नौकरियों में अपनी सेवाए दे सकते है। एनआईओएस में विशेष रूप से सरल विषयों से अध्ययन कराया जाता है। जिससे कि छात्र अपनी मंजिल को आसानी से हासिल कर सकें। इसकी परीक्षाए वर्ष में दो बार होती है। जिसमें मार्च-अप्रैल एंव सितम्बर-अक्टूबर में छात्र प्रवेश लेकर कक्षा 10वी व 12वी उत्तीर्ण कर सकते है। छात्रों को प्रवेश के लिए भी काफी सरल प्रक्रिया है। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद छात्र कही भी शासकीय नौकरी के लिए आवेदन कर सकता है। साथ ही आगें का अध्ययन करने के लिए किसी भी बोर्ड व विष्वविद्यालय में प्रवेश ले सकता है।

### कक्षा 10वीं, 12वीं में प्रवेश की सरल प्रक्रिया

सेमिनार के दौरान सर्वोदय हायर सेकंडरी स्कूल की प्राचार्य श्रीमति राजश्री सिंह ने बताया कि जो छात्र कक्षा 10वी में प्रवेश लेना चाहते है। उन छात्रों को प्रवेश लेने के लिए कक्षा 5वी,8वी,9वी पास या कक्षा 10वी फेल की अंकसूची से प्रवेश मिल सकता है और व छात्र कक्षा 10वी उत्तीर्ण कर सकते है। साथ ही जो छात्र कक्षा 12वी में प्रवेश लेना चाहते है तो उन छात्रों के लिए कक्षा 10वी पास एंव कक्षा 12वी फेल की अंकसूची लाना अनिवार्य है। छात्र सरल विषयों से कक्षा 12वी उत्तीर्ण कर अपने सपनों को पूरा कर सकते है साथ ही किसी भी विष्वविद्यालय में प्रवेश ले सकते है। एनआईओएस में प्रवेश के लिए छात्र 31 जनवरी 2024 तक आवेदन कर सकते है।

### क्षेत्र में सबसे ज्यादा नरेंद्र मोदी एप्प से जोड़ने वाले लोगों में क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा

# विकसित भारत एंबेसडर अभियान के विधानसभा प्रभारी बनेंः रवि सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आगामी 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए देश भर में 10 करोड़ विकसित भारत एंबेसडर बनाए के लिए अभियान चलाया जा रहा है। ये एंबेसडर मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने का कार्य करेगी। विकसित भारत एंबेसडर अभियान के विधानसभा प्रभारी रवि सोनी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में चल रहें जन मन सर्वे और 100 दिन के कुछ कार्य इससे जुड़ने वाले नेता और कार्यकर्ताओं को केंद्र और राज्य सरकार की और से दिये गये है। जिससे की लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलें और ज्यादा से ज्यादा लोग सरकार से जुड़ पाए इस हेतु ये अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सबसे ज्यादा लोगों को जोड़ने वाले





व्यक्ति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का अवसर मिलेगा। साथ ही क्षेत्र के नेताओ का रिपोर्ट कार्ड भी इस अभियान में ऑनलाइन जनता और कार्यकर्ता अपने फीडबैक से देने वाले हैं। अभी तक क्षेत्र में सबसे ज्यादा नरेंद्र मोदी एप्प से जोड़ने वाले लोगों में क्षेत्र के विधायक उमाकान्त शर्मा सबसे ऊपर है। साथ ही सर्वे के आधार पर उनकी लोकप्रियता का ग्राफ क्षेत्र में और बड़ा है। ज्यादा से ज्यादा लोग नमों एप्प से जुड़ें और केंद्र और राज्य में चल रही सरकार के कार्यों को नज़दीक से जानें और लाभ ले, इस मंशा से ये अभियान चल रहा हैं। साथ ही नागरिक इस क्योआर कोड के माध्यम से आप नमों एप्प को इंस्टॉल कर विकसित भारत एंबेसडर बन सकते हैं और केंद्र सरकार और मोदी जी से जुड़ सकते हैं।



सिरोंज। जिला जज मेश्राम के निर्देशन में नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू एंव स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने न्यायालय परिसर स्थित प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई कर कायाकल्प किया गया।

## सिरोंज की माटी के सपूत एडवोकेट संजय श्रीवास्तव भोपाल जिला अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष निर्वाचित



**सिरोंज।** सिरोंज की माठी के सपूत वरिष्ठ समाजसेवी भोपाल के वरिष्ठ अभिभाषक संजय श्रीवास्तव को भोपाल अभिभाषक संघ के चुनाव में उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित होने पर सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने बधाई दी। वही उन्होने कहा कि संजय श्रीवास्तव का जन्म सिरोंज क्षेत्र में हुआ और उनकी उच्च षिक्षा भी सिरोंज के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में हुई। वह अपने छात्र जीवन की राजनीति में सिरोंज के दमदार छात्र नेताओं में जाने जाते थें। सिरोंज छात्र संघ चुनाव में भी वह विभिन्न पदों पर रहकर कार्य कर चुके है। इसके साथ ही वह सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में विभिन्न सामाजिक संगठनों में कार्य कर चुके है। अभिभाषक संघ भोपाल के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर उनके इष्ट मित्रों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### मकर सक्रांति पर धाम देवपुर में लगने वाले मेले को देखते हुए 14 व 15 जनवरी को टोल टैक्स माफ किया जाएः विनोद सेन

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टोल टैक्स माफ करने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मकर सक्रांति पर तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर में लगने वाले मेले को देखते हुए 14 व 15 जनवरी को टोल टेक्स शुल्क मुक्त किए जाने को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एंव केष शिल्पी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार को एक ज्ञापन सौपा। जिसमें उल्लेख किया गया कि सिरोंज से लगभग 13 किलो मीटर दूर आरोन रोड पर स्थित ग्राम देवपुर में भगवान विष्वनाथ का प्राचीन मंदिर है। जहा पर मकर सक्रांति के पर्व पर प्रतिवर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। उक्त मेले में सिरोंज सहित आरोन, गुना, विदिशा, अषोकनगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो से हजारो की संख्या में बाबा विष्वनाथ के दर्षन करने के



लिए श्रद्धालु पहुचतें है। वही ग्राम देवपुर व सिरोंज के बीच शासन द्वारा टोलटेक्स नाका बनाया गया है जिसपर प्रत्येक वाहन का टोल शुल्क लिया जाता है साथ ही उक्त रास्ते से आने जाने के लिए वाहन चालक को टोल टेक्स देना पड़ता है। मकर सक्रांति मेले के आयोजन के समय टोल टेक्स लगने के कारण वाहन चालको पर अनावष्यक व्यय भार पडता है। वर्षो की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति के मेले के दिन 14 व 15 जनवरी को वाहनों पर लगने वाले टोलटेक्स को माफ किया जाए। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता केषर खान,अल्प संख्यक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जुनेद खान,डॉ सुब्हान गौरी,युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अतीक मंसूरी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## अंतर विद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता में केडीबीएम स्कूल के छात्रों ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**सिरोंज।** विदिशा में अंतर विद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सिरोंज से केडीबीएम इंटरनेषनल स्कूल के छात्रों की कबड्डी टीम ने फाइनल में विदिशा को हराकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही संभाग स्तर पर चयनित होकर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता सीहोर में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्षन किया। इस अवसर पर केडीबीएम इंटरनेषनल स्कूल की डायरेक्टर श्रीमति श्वेता आनंद त्यागी ने विजेता टीम को बधाई देते हुए उनके द्वारा किए गए प्रयासो की सराहना की। वही स्कूल प्राचार्य मनोज तिवारी ने बच्चों के प्रदर्षन की सराहना करते हुए बधाईया दी।

# योग प्रशिक्षण में शिक्षकों ने किया योग के साथ ध्यान का अनुभव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

लटेरी मॉडल स्कूल में 6 जनवरी से 10 जनवरी तक शिक्षकों को योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें सभी शिक्षकों ने योग के साथ-साथ हार्टफुलनेस संस्था द्वारा ध्यान के गुण भी सीखे।

हार्टफुलनेस द्वारा ध्यान के सरल अभ्यास से हमारे अंदर शांति प्रेम के साथ एकाग्रता विकसित होती है और हमारे अंदर पूर्ण मानवीय गुण विकसित होने लगते हैं। सभी को ध्यान का अभ्यास कराया जिसमें सभी को बहुत ही आनंदमय लगा। हार्टफुलनेस संस्था से आए पवन अहिरवार एवं जितेन्द्र मीना द्वारा प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में सभी को हार्टफूलनेस वेलकम कार्ड वितरित किए। जो भारत के अलावा 160 देश में मान्यता प्राप्त है।

योग के कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने अपने-अपने स्कूलों के बच्चों योग एवं ध्यान करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र बघेल, मॉडल स्कूल के प्राचार्य जनवेद धाकड़, ब्लॉक योग प्रभारी खुशबू मंडोरिया मैडम एवं मध्यप्रदेश योग आयोग समिति के सदस्यो सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी के द्वारा ध्यान के अभ्यास की सराहना की गई और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम कराए जाने के लिए हार्टफुलनेस टीम से आग्रह किया गया।

### चित्त की वृत्तियों के निरोध का नाम योग है

**शमशाबाद।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शमशाबाद में जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी के आदेश अनुसार प्राचार्य आशीष सक्सेना, बीआरसी मुकेश शर्मा,(योग प्रभारी) बीईओ राकेश सेन, सीएसी पवन शर्मा, के मार्गदर्शन में 5 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें चार संकुल केन्द्र बालक, कन्या हायर सेकंडरी स्कूल , पीपलधार, वर्धा हायर सेकंडरी स्कूलों के 30 शिक्षकों ने भाग लिया । योग शिक्षिका रश्मि सक्सेना द्वारा बताया गया कि बदलती जीवन शैली, दूषित खानपान, बदलते वातावरण, एवम विकृत मनोरंजन, मानव स्वस्थ को प्रभावित कर रहे है। 21वी सदी का मूलमंत्र हैं पहला सुख निरोगी काया, अतः हम योग द्वारा संतुलित जीवन शैली अपनाकर स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। अपने शुद्ध आत्म स्वरूप को जानने के लिए मन और चित्त के स्तर पर हो रही हलचलों को शांत करना जरूरी है।

# स्कूली छात्र-छात्राओं को कराया थाने का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

कुरवाई के एक निजी विद्यालय के प्रबंधक द्वारा छात्र-छात्राओं को भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान थाना परिसर के सभी कक्ष दिखाये। पुलिस थाने के कार्यों का संक्षिप्त विवरण दिया गया एवं छात्र छात्राओं को थाना प्रभारी जसवंत मीणा उप निरीक्षक डीके सिह महिला आररक्षक दीक्षा द्वारा बालिकाओं/ महिलाओं पर घटित अपराधों के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को गुड टच एवं बेड टच के बारे में समझाया गया एवं समाज में व्याप्त बुराइयों जैसे - नशा, दहेज, रूढ़िवादिता, अश्लीलता, असंवेदनशीलता, अशिक्षा, लिंगभेद के चक्रव्यूह को तोड़ने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने हेतु सभी को जागरूक किया गया । नशा मुक्ति कार्यक्रम, लिंगभेद, भ्रूण हत्या, लड़के लड़कियों के साथ होने वाले अपराधों की रोकथाम, हेलमेट एवं



सीट बेल्ट अनिवार्यता, मोबाइल द्वारा होने वाले साइबर क्राइम विषयों पर सारगर्भित विचार व्यक्त किये ,अपराध नियंत्रण एवं अपराध अनुसंधान, पुलिस पदसोपान, डायल 100, एफ आई आर, न्याय-व्यवस्था इत्यादि के बारे में बताया गया। छात्र छात्राओं ने पुलिस के कार्यों के संबंध में प्रश्न पूछे जिनके उत्तर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनीष राज द्वारा दिये गये। छात्र छात्राओं को अनुशासित जीवन एवं अपराध न करने की शपथ दिलाई गई।

# पिंड भरते हुए नर्मदा तटों की ओर बढ़ रहे श्रद्धालु इस साल 14 की जगह 15 को मकर संक्रांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

मकर संक्रांति का पर्व निकट आ रहा है। इस वर्ष 14 जनवरी के स्थान पर 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व स्नान होंगे। संपूर्ण क्षेत्र में मकर संक्रांति पर्व मनाने की तैयारियां भी शुरू हो गई है। मकर संक्रांति पर नगर एवं क्षेत्र के ग्रामों से पिंड भरते हुए नर्मदा तटों पर पहुंचने की परंपरा है। पिंड़ भरकर नर्मदा तट पहुंचने का सिलसिला शीत के भारी प्रकोप के बीच शुरू हो गया है।

सूर्य की दिशा परिवर्तन मकर राशि में प्रवेश के कारण मकर संक्रांति पडती है। मकर संक्रांति पर पवित्र नदी, सरोवरो में स्नान, तिल, तेल, वस्त्रों के दान का विशेष महत्व है। यह सौभाग्य है कि देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों में दर्जनों पुराने ख्याति प्राप्त सिद्ध नर्मदा तट है। जहॉं प्रतिवर्ष मकर संक्रांति पर दूर-दूर से धार्मिक श्रद्धालु नर-नारी पर्व स्नान, पुण्य की डुबकी लगाने आते है। मकर संक्रांति पर तिल गुड के लड्डु घरो-घर बनाने खाने और खिलौने की प्राचीन परंपरा आज भी बनी हुई है।



बरेली। नर्मदा तट के लिए पिड़ भरते हुए रवाना हुए श्रद्धालु।

### पहले बगलवाड़ा में भरता था मेला

बरेली तहसील का एक भाग ऐसा भी है, जहॉं माँ नर्मदा पूर्व से पश्चिम दिशा की ओर बहती है। जिसे नर्मदा मैया का उत्तर तट कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि पांडवों ने यहॉं अश्वमेघ यज्ञ किया था। तेदौनी नदी के नर्मदा संगम से पूर्व सतरावन के पास आज भी एक स्थान पर विशेष किस्म की मिट्टी निकलती है, उक्त स्थान को कुंडा बाबा के नाम से पूजा की जाती है। नर्मदा मैया के उत्तर तट पर मांगरोल, बगलवाड़ा जैसे ख्याति प्राप्त स्थान है। सबसे अधिक निकट नगर से 9 किमी दूर बगलवाड़ा उत्तर तट है। जहां दशकों पूर्व तक मकर संक्रांति से एक माह का विशाल मेला लगा करता था। बगलवाड़ा संस्कृत विद्या अध्ययन का भी नर्मदा क्षेत्र में प्रमुख केन्द्र हुआ करता था। जहॉं संस्कृत पाठशाला में सैकडों विधार्थी कर्मकांड की पढ़ाई करते थे। बगलवाडा मे अनेक प्राचीन ख्याति प्राप्त मंदिर थे। कुछ किनारे की मिट्टी कटाव से समा गए। बगलवाडा में एक माह के मेला की ख्याति थी। समय के साथ बगलवाडा मेला का समय और दुकानों की संख्या बहुत कम हो गई।

### आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष बने पर्वत गौड़

**विदिशा।** मप्र आदिवासी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष रामू टेकाम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी राव मोघे, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुमति एवं विदिशा पूर्व विधायक शशांक श्रीकृष्ण भार्गव की अनुशंसा पर विदिशा के आदिवासी नेता पर्वत सिंह गौड़ को जिलाध्यक्ष पद मनोनीत किया है।

# शासकीय स्कूल के छात्रों को कैरियर मार्गदर्शन दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपलधार

संकुल केंद्र स्थित पीएम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलधार में कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि उप सरपंच खुमान सिंह यादव, शुभम वर्मा, रविंद्र यादव भूतपूर्व सैनिक रहे। रविंद्र यादव ने सेना के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। मनोज धीरन ने शिक्षा में लक्ष्य के साथ काम करने को प्रेरित किया। जनशिक्षक प्रकाश झा ने करियर बनाने के बारे में बताया। वहीं श्री वर्मा सामाजिक कार्यकर्ता ने शिक्षा व्यवस्था पर विचार व्यक्त किया। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक भारत सिंह यादव ने सेना व शिक्षा के क्षेत्र में विचार व्यक्त किया। अंत में उपसरपंच खुमान



सिंह यादव ने शिक्षा से कैरियर बनाने पर जोर दिया। संस्था के प्राचार्य आरके गोयल ने छात्र-छात्राओं को अपने निकट भविष्य बनाने के लिए करियर पर ध्यान देने पर विचार व्यक्त किया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रश्न किए उनका उत्तर मंच द्वारा दिया गया। मंच का संचालन अंकित गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक कृष्णकांत महावर, मनोज मिश्रा, भूपेंद्र यादव रघुनंदन यादव, जितेंद्र यादव, बलराम धाकड़, सुरेश यादव, दीपक यादव व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मंत्री ने सड़क किनारे पड़े बोल्डर हटाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल नगर की मुख्य सड़क किनारे ठेकेदार द्वारा डाले गए पत्थरों को देखकर नाराज हो गए। उन्होंने तत्काल एनएचआई के एसडीओ से चर्चा की। कभी भी दुर्घटना के कारण बन सकने वाले बोल्डरों को तत्काल हटाने और निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण किए जाने के निर्देश एसडीओ अहिरवार को दिए।

### आमजन की परेशानियां

पिछलें दिनों अचानक राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर



व्यवस्थाएं देखी थी। वहीं बाड़ी बक्तरा रोड पर सड़क किनारे लगे रेत के ढेर दुर्घटना का कारण बन सकते थे। वाहन एवं रेत डालने वालों के विरूद्ध तत्काल कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। राज्यमंत्री ने अचानक यात्री बसों की चैकिंक कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सावधानी पूर्वक यात्री बसे चलाने की हिदायत दी गई।

### गुणवत्तापूर्ण हो निर्माण

राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल एसडीओ एनएचआई बीएल अहिरवार को बड़े-बड़े बोल्डर हटा कर गुणवत्तापूर्वक मुरम डालने और निर्माण कार्य के निर्देश दिए। एसडीओ अहिरवार को फटकार भी लगाई। एसडीओ एनएचआई बीएल अहिरवार बरेली ने बताया की राज्यमंत्री के निर्देश पर बोल्डरों को सड़क किनारे से हटाने के लिए ठेकेदार को नोटिस दिया है। गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाएगा।

# 50 मीटर से कम रही दृश्यता पौधों के फूल तक मुरझा गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शीत काल में सोमवार की रात से मंगलवार की दोपहर तक अभी तक का सबसे लम्बा घना कोहरा छाने से दृश्यता 50 मीटर से भीतर बनी रही। कोहरे के कहर से चना, मसूर, सब्जी एवं पेड पौधो के फूल मुरझाने की नुकसानदायक स्थिति रही।

घने कोहरे ने शीत के प्रकोप को ओर अधिक बढ़ा दिया। कोहरे के साथ गिरी ओस से बिन बारिश ही मकानों की छते, दुकानों के शेड एवं सड़के गीली नजर आने लगी। सुबह सबेरे तापमान 10 डिग्री के नीचे बना रहने से बाहर निकलने वालों के हाथ पैर, मुंह ढुढरता रहा। सोमवार की रात से मंगलवार की दोपहर 11 बजे तक घने कोहरे का व्यापक असर बना रहा। जिन किसानों ने जल्दी चना, मसूर की बोवनी की थी, उन फसलों में आया फूल भी कोहरे की ठंड की अधिकता से सूखने मुरझाने की स्थिति रही। फूलों वाले पेड पौधों पर ओंस की बूंदे गिरने और फूलो की कलिया न खिल पाने से पेड पौधों में फूल लगना ही बंद सा हो गया है। दोपहर 11-12 बजे के बाद कोहरा छट पा रहा है।

### जय महावीर की शोभायात्रा का हुआ पुष्प वर्षा कर नगर में जोरदार स्वागत

# प्रभु श्रीराम ने किया लंकापति रावण का वध रामलीला देखने ठंड के बावजूद डटे रहे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

श्रीरामलीला का सबसे प्रमुख आकर्षण देखने बुधवार को हजारों की संख्या में दर्शक रामलीला मैदान पहुंचे। कड़कड़ाती ठंड के बावजूद पांच घंटे तक चले आयोजन को देखने दर्शकों की भीड़ से मेला परिसर खचाखच भरा हुआ था। मेले के आखिरी दिन दोपहर से ही भारी भीड़ थी। मेले में कारोबार भी जमकर चला जिससे व्यापारी वर्ग भी काफी खुश नजर आया। करीब बीस दिन से चल रहा रामलीला मेला सोमवार को उत्कर्ष पर था। मेले का सबसे प्रमुख आयोजन रावण दहन इस बार पूरी तरह से प्रशासन की निगरानी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4 बजे बाबड़ी पुरा हनुमान मंदिर से हुई। जहां से जय महावीर की शोभयात्रा निकाली गई।

ढोल-नगाड़े और अखाड़ों के साथ निकली शोभायात्रा का शहर में कई जगह स्वागत किया गया। सांची तिराहे के पास श्रद्धालुओं ने सड़क पर फूल बिछाकर जय महावीर की अगवानी की। शहर भ्रमण के उपरांत शोभायात्रा रामलीला परिसर पहुंची। जहां रामायण की अंतिम लीला के मंचन के साथ राम-रावण युद्ध की आकर्षक लीला प्रस्तुत की गई। रावण दहन के इस विशेष आयोजन के लिए पूरे रामलीला परिसर की खूबसूरत साजसज्जा की गई थी। रोशनी के विशेष प्रबंध किए गए था, फूलों से पूरा मंच व मंचन स्थल सजाया गया। करीब तीन घंटे से भी अधिक समय तक मंचन के उपरांत रावण दहन हुआ। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी से पूरा रामलीला परिसर जगमगा उठा।



### दोपहर से उमड़ने लगी भीड़

मेला का आखिरी दिन होने से बुधवार को दोपहर से ही मेला परिसर में जबर्दस्त भीड़ थी। ग्रामीण क्षेत्रों से ट्रेक्टर ट्राली व अन्य वाहनों से भर-भरकर लोग रावण दहन की लीला देखने पहुंचे। शाम के समय मेले में पैर रखने की भी जगह नहीं थी। जय महावीर की शोभायात्रा देखने बाहर से आए श्रद्धालु पूरे साल में दो बार निकाली जाने वाली जय महावीर की शोभायात्रा शहर की अनूठी धार्मिक परंपरा है। जिसे देखने दूर-दूर से लोग रायसेन आते है। एक बार दशहरा व दूसरी बार रामलीला मेले के रावण दहन पर जय महावीर की शोभायात्रा निकाली जाती है। करीब 40 वर्ष पुरानी इस परंपरा के तहत 45 किलो बजनी बजरंगबली के मुखौटे को धारण कर शोभायात्रा निकाली जाती है। जिसे धारण करने समिति पर्ची के माध्यम से युवक का चयन करती है। जो करीब 40 दिन तक बह्मचर्य व्रत व तप करने के बाद मुखौटा धरण करता है। शहर की इस परंपरा का इस बार मोहित यादव ने निर्वहन किया।

### जय महावीर का मुखौटा रहा विशेष आकर्षण का केंद्र



जिले में 25 दिनों से चल रही श्री रामलीला महोत्सव के अंतिम दिन शहर के वार्ड तीन बावड़ीपुरा श्री हनुमान मंदिर से जय महावीर तेरी जय रघुवीर की शोभायात्रा बुधवार शाम 5.30 बजे से धूमधाम के साथ निकाली गई। जिसमें 40 दिनों से ब्रह्मचर्य का पालन करने वाले मोहित यादव ने 40 किलो वजनी वीर हनुमान का मुखौटा धारण किया गया। शोभा यात्रा शहर के मालीपुरा, दुपट्टा बाजार, इंडियन चौराहा, मुख्य बाजार से होती हुई गंज बाजार हनुमान मंदिर से रामलीला मैदान पहुंची। इस दौरान नगर में शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर जगह-जगह धर्म प्रेमियों ने स्वागत किया और वीर हनुमान मुखौटे की आरती कर दर्शन किए। इसके बाद शोभा यात्रा रामलीला मैदान पहुंची। यहां श्री राम-लक्ष्मण के साथ वीर हनुमान की आरती की गई।

# दीनदयाल परिसर की छत की लीज नपं ने प्रस्ताव पारित कर की निरस्त

### निर्माण कार्य पर लगाई रोक, सेंटिग हटाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

जहां कभी बस स्टेण्ड हुआ करता था, वहॉ बिल्डर प्रोमोटर योजना के अन्तर्गत दीनदयाल काम्प्लेक्स दुकानों का निर्माण किया गया। उक्त परिसर आधार तल के साथ उपर एक मंजिल बना कर ठेकेदार द्वारा दुकानें निर्माण एवं बैंची गई। पिछली नपं. ने एक दशक से अधिक पूर्व परिसर की छत को अनुबंध कर जितेन्द्र शिवाजी पटेल को लीज पर दी गई। वर्षो तक वहॉ कोई निर्माण नहीं हुआ, पिछले महिने जैसे ही छत पर निर्माण शुरू हुआ तो, नपं. सक्रिय हो गई।

बीते 11 दिसम्बर को नपं. की बैठक में प्रस्ताव पारित कर लीज निरस्त कर दी गई। निर्माण को अवैध मानते हुए रोक और अधिकारियों ने सेंटिग हटाने, गेट को सील किए जाने की कार्यवाही की गई। बस स्टेण्ड के लिए नाहर कालौनी के निर्माणकर्ता नाहर परिवार द्वारा प्लाट दिए गए, 1970 में वहॉ बस स्टेण्ड आने के साथ 2004 तक बस स्टेण्ड पर यात्री बसे आने जाने का सिलसिला बना रहा। 2004-05 में बस स्टैंड उदयपुरा नाके पास स्थांतरित हो गया और उक्त स्थान लम्बे समय तक खाली बना रहा।

नगर परिषद द्वारा वर्षो पूर्व पुराने बस स्टेण्ड पर बिल्डर प्रोमोटर योजना के अन्तर्गत भारी संख्या में आधार तल और उपरी मंजिल पर दुकानों का निर्माण किया। परिसर की उपरी छत को तत्कालीन परिषद द्वारा जितेन्द्र शिवाजी पटैल को लीज पर दे दिया और बाद में उक्त छत को रविन्द्र रघुवंशी को लीज पर रजिस्ट्री के माध्यम से दे दिया गया।

**लीज निरस्त निर्माण पर लगाई रोक**

*वर्तमान नपं. द्वारा 11 दिसम्बर 23 को बैठक कर पूर्व परिषद की लीज निरस्त करने की कार्यवाही निर्माण रोकने नोटिस जारी किया। 9 जनवरी को सीएमओ, तहसीलदार, नपं. के अमले ने लग रही सेंटिग हटाने, गेट पर ताला सील किए जाने की कार्यवाही की गई।*

**लीज का हुआ हस्तांतरण निर्माण वैध**

*वर्तमान में परिसर की छत पर निर्माण करने वाले रविन्द्र रघुवंशी का कहना है कि उन्होंने निकाय कमिश्नर ने स्वीकृति कर लीज पर छत दी गई। जिसकी नियमानुसार रजिस्ट्री भी हुई है। जो अधिकार लीज के जितेन्द्र शिवाजी पटेल को थे वहीं उन्हें भी हस्तांतरित किए गए। उन्होंने निर्माण कार्य का नक्शा स्वीकृत करवा कर नपं. से निर्माण की स्वीकृति पूर्व में ली जा चुकी है। सभी अनुमति प्राप्त कर निर्माण की शुरूआत की गई। लीज निरस्त करना और निर्माण पर रोक अवैधानिक है।*

**गेट को सील करने की कार्रवाई की**

*11 दिसंबर 2023 को नपं. ने बैठक में प्रस्ताव पारित कर छत की लीज निरस्त की गई, इसका कारण नपं. को आर्थिक क्षति माना जा रहा है। निर्माण बंद करने नोटिस दिया था। गेट को सील करने की कार्यवाही की गई।*

*- हरिशंकर वर्मा, सीएमओ नपं. बरेली।*

**खबर संक्षेप**

### नप सिलवानी ने किया कार्यक्रम आयोजित हितलाभ किए वितरण

**सिलवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते है उसे पूरा करते है। श्री मोदी की गारंटी ही भाजपा की गांरटी होती है। मोदी है तो मुमकिन है, यह सिर्फ जुमला नही है बल्कि सच्चाई व समृद्व भारत की तस्वीर है। पीएम श्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में ना केवल भारत का नाम बढ़ा है बल्कि विदेशी राष्ट्र प्रमख भी उनसे विभिन्न मसलो पर सलाह लेते है। यह उद्गार पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ने नगर के सीएम राइस स्कूल के मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन नप सिलवानी के द्वारा किया। यहां पर स्कूली बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विशेष रुप से जनपद अध्यक्ष तरुवर सिंह राजपूत, नप अध्यक्ष रेशु विभोर नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक मौजूद रहे। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित हो रहा है लगातार विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भारत की दुनिया में एक नई पहचान बन रही है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। केन्द्र सरकार की गरीब कल्याण, जनकल्याण की योजनाओं का लाभ सभी पात्र नागरिकों को मिल रहा है। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाकर लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है।

## वेलस्पैन से पाइप भरकर जा रहा ट्राला अनियंत्रित होकर पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम जमुनिया खेजड़ा में स्थित वेलस्पैन कंपनी से पाइप भर कर भोपाल के लिए निकला था। लेकिन भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर पहुंचने से पहले ही ट्राला अनियंत्रित होकर रोड से नीचे पलट गया। ट्राला में भरे हुए लोहे के भारी पाइप रोड से नीचे बिखर गए।

गनीमत रही के आसपास से कोई वाहन नहीं निकल रहा था नहीं तो एक बड़ी अनहोनी हो सकती था। ट्राला जब पलटा उसे समय आसपास कोई वाहन नहीं था ट्रेलर के पलटने से ट्राला ड्राइवर और किलीनर को मामूली सी छोटे आई है।





## रात से लेकर 11 बजे तक छाया रहा कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के चलते बुधवार को रात से ही क्षेत्र में कोहरे व शीतलहर ने अपना असर दिखाया। क्षेत्र में कोहरा सुबह 11 बजे तक ठंडी हवा के साथ छाया रहा। सुबह 11 बजे के बाद कोहरे का असर सामान्य हुआ। कोहरे के चलते क्षेत्र में कड़ाके की शीतलहर से आम जनजीवन अस्त व्यस्त दिखाई दिया। क्षेत्र में कोहरे के असर के चलते विजिबिलिटी मात्र तीस मीटर तक रह गई एवं घने कोहरे के कारण हाईवे व ग्रामीण सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आए।

घने कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार भी थमी रही। वहीं सर्दी से बचने के लिए लोग दिन में ही अलाव जलाकर ताप्ते नजर आए, दुकानदारों का भी यही हाल था ग्राहकों को सामान देने के बाद वह अपनी- अपनी दुकान पर आग जलाए हुए देखे गए जिसमें दुकान मालिक, कर्मचारी और ग्राहक हाथ सेंकते दिखाई दिए।

तापमान में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है, जिससे ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। दरअसल, आने वाले दिनों में मौसम विभाग ने कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक तापमान 14.4 डिग्री है, जिसका सीधा असर जिंदगी की रफ्तार पर दिखाई दे रहा है। फर्राटे भरने वाली गाड़ियां रेंगती नजर आ रही है।

# 6 घरों के ताले तोड़कर चोरी करने वाले चोर पुलिस के हत्थे चढ़े, कैमरे में हो गए थे कैद

### 6 में से 5 चोर पुलिस की पकड़ में, एक की पुलिस कर रही है तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

अयोध्या नगर में 21 दिसंबर को एक ही रात में 6 घरों के ताले तोड़कर तीन घरों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 6 चोरों में से 5 चोर पुलिस की पकड़ में आ गए हैं।

बुधवार को पुलिस ने सभी 5 चोरों से स्पाट वेरिफिकेशन कराया कि उन्होंने किस तरह से मकान के ताले तोड़े और किन कमरों में घुसकर चोरी की। यह सब सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। घटना का सत्यापन के बाद पांचो चोरों को पुलिस थाने वापस ले आई, जिस समय पुलिस घटना स्थल का वेरिफिकेशन कर रही थी तभी रहवासी यह नजारा देखने के लिए जमा हो गए थे।



आपको बता दें कि उक्त चोरों ने पहले रैकी की और बाद में चोरी की घटना को अंजाम इस तरह से दिया कि उन्होंने घटना स्थल के आसपास के घरों के मकानों के दरवाजों की कुंडिया बाहर से लगा दी थी तथा घटना स्थल के अन्य कमरों और छत पर जाने वाले रास्तों पर लगे दरवाजा की कुंडिया बाहर से ही लगा दीं थी। जिससे मकान मालिक की नींद खुलने के बावजूद भी वह उन्हें पकड़ ना सके। या जिसे मदद के लिए बुलाए वह भी घर से बाहर ना निकल सके।

इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष सिंह ठाकुर ने बताया की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुक्तेश्वर पकड़े गए हैं, जिनसे स्पाट वेरिफिकेशन कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**सुराग लगाने सख्ती से पुलिस कर रही पूछताछ**

*19 दिन में घटना का पर्दाफाश करने वाली पुलिस की इस सफलता पर फरियादियों ने संतुष्टि व्यक्त की है सबसे अधिक सामान जिस घर से चोरी गया था। पिपलिया पाठक के सरपंच पुत्र प्रीतम पटेल ने पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहवाल, एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी संतोष सिंह ठाकुर सहित पुलिस स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उनके यहां से 10 हजार लगा तो सोने चांदी की जेवर चोरी गए थे। पकड़े गए चोरों में से कुछ बेगमगंज के और कुछ बाहर के बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की पूरी तरह से छानबीन कर रही है और उनके अन्य साथियों और जानकारी देने वालों का सुराग लगाने के लिए सख्ती से पूछताछ कर रही है।*

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सीएम राइज स्कूल में विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

### छात्रों व स्टाफ को सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

शासकीय सीएम राइज विद्यालय में आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पुलिस थाना बाड़ी ने एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम से विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण तथ्यों के प्रति जागरूक किया गया।

प्रशिक्षण में पुलिस अधिकारी एसआई पदमा बरकरे और थाना बाड़ी की टीम ने सड़क सुरक्षा के नियमों और कानूनी पहलुओं को बताया और विद्यार्थियों से सुरक्षित चालन का पालन करने का संकल्प लिया। स्कूल के प्रमुख ने इस समाचार को शिक्षा में सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया और छात्रों को सड़क पर सावधानी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पुलिस थाना ने रोड सेफ्टी व्हीकल्स की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।



इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी एसआर मालवीय ने छात्रों को ट्राफिक नियमों की जानकारी दी। एसआई पदमा बरकरे ने छात्रों व स्टाफ को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। समाजसेवी मुकेश जैन ने छात्रों से अपील की की सभी हेलमेट का उपयोग करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अजय शर्मा ने किया कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य सुमन तिवारी, अरविंद शर्मा, राजेंद्र चौखटिया, आरती पटेल, रेखा यादव, पुष्पा धाकड़, आरती साहू, गायत्री मंदोरिया, कमलेश कुमार अहिरवार, शोभाराम रघुवंशी, सुमित शर्मा, शिवाजी ठाकुर, योगेश शिल्पी, आधार सिंह चीचाम सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

**कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में देखा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण**

# जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के 1 लाख 11 हजार 516 हितग्राहियों के खाते में अंतरित किए 6 करोड़ 70 लाख

### सीएम डॉ यादव ने जिले की 2 लाख 52 हजार 49 लाड़ली बहनों के खाते में अंतरित किए 30 करोड़ 77 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण एवं युवा ऊर्जा पर केंद्रित मकर संक्रांति उत्सव 10 जनवरी से 15 जनवरी तक मनाया जा रहा है, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' अंतर्गत लाड़ली बहनों को 1576 करोड़ एवं हितग्राहियों को 341 करोड़ की पेंशन व आर्थिक सहायता का अंतरण किया।

रायसेन में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, कलेक्टर अरविंद दुबे सहित अधिकारियों, लाड़ली बहनों तथा पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री डॉ यादव के संबोधन का लाईव प्रसारण देखा व सुना गया।

कलेक्टर अरविंद दुबे ने लाड़ली बहनों से संवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता मिल रही है। इससे महिलाओं के आत्मविश्वास और मान-सम्मान में वृद्धि हुई है। कलेक्टर ने लाड़ली बहनों से पूछा कि लाड़ली बहना योजना में प्रतिमाह मिलने वाली राशि का किस प्रकार उपयोग किया जाता है। इस पर कई लाड़ली बहनों ने बताया कि वह राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई में करती हैं। योजना से उनके जीवन में बदलाव आया है, उन्हें अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।





कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले की 252049 लाड़ली बहनों के बैंक खाते में 1250 रू के मान से कुल 30 करोड़ 76 लाख 66 हजार 850 रू की राशि अंतरित की गई है। इसके अतिरिक्त सरकार की 12 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं अंतर्गत जिले के 111516 हितग्राहियों के बैंक खाते में 6 करोड़ 69 लाख 09 हजार 600 रू की राशि अंतरित की गई है। एनआईसी कक्ष में महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपक संकत, सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी उप संचालक संजय गहरवाल सहित संबंधित अधिकारी, लाड़ली बहनाएं, लाड़ली सेना की सदस्य तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की हितग्राही भी उपस्थित रहीं।